तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 सितंबर 2024

12 पीआरपी मोनिका पर कार्रवाई का बिहान की …


11 खेलकूद व बौद्धिक प्रतियोगिताओं में बच्चों ने किया प्रतिभा…




## खबर संक्षेप

### दुकानदारों ने 5 साल से नहीं दिया किराया, नपं ने थमाया नोटिस




**गुरूर।** नगर पंचायत प्रशासन बकायादारों पर सख्त हो गया है। लंबे अरसे बाद नगर पंचायत बकायादारों को नोटिस दिया गया है। प्रथम चरण में नगर पंचायत की दुकानों का वर्षों से किराया का भुगतान नहीं करने वाले 28 दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया है। नगर पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार बस स्टैण्ड के 18 दुकानदारों, शनिदेव मंदिर के पास निर्मित परिसर में 5 दुकानदारों एवं तहसील कार्यालय के सामने निर्मित परिसर में 5 दुकानदारों को नोटिस जारी कर दिया गया है। इन दुकानदारों में बहुसंख्यक ने बीते 5 साल से अधिक समय से किराया का भुगतान नहीं किया है। मिली जानकारी के अनुसार अभी दुकानदारों को प्रथम चरण की नोटिस जारी कर सात दिवस में किराया भुगतान करने कहा गया है। निर्धारित समय पर किराए का भुगतान नहीं करने पर बेदखली की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही नगर पंचायत के निवासियों से वसूले जाने वाले संपत्तिकर एवं जलकर के बकायदारों की भी सूची बनाई जा रही है। जल्द ही संपत्तिकर एवं जलकर के बकायादारों को भी नोटिस दिया जाएगा।

### रिसामा में श्री रामचरित मानस व पौधारोपण 15 को

**अंडा।** श्री समर्पण ज्ञान गंगा मानस मंडली रिसामा द्वारा सभी ग्रामवासियों के सहयोग से 15 सितंबर को श्रीराम चरित मानस व्याख्यान माला व पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। समिति के सदस्य राजेन्द्र कुमार साहू और लेखुदास साहू ने बताया कि संगीतमय श्री रामचरित मानस व्याख्यान माला में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की कथा सुनकर स्वयं को कृतार्थ कर सकेंगे। इसके साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बरगद के 55 पौधों का रोपण किया जाएगा, ताकि हमें और हमारी भावी पीढ़ी को इसकी शीतल छाया और जीवनदायिनी आक्सीजन की प्राप्ती होती रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे, अध्यक्षता विधायक ललित चंद्राकर करेंगे। उनके साथ सरपंच गीता महानंद, जिपं सदस्य योगिता चन्द्राकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहेंगे।

### छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा 15 को

**जामगांव आर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा 2024 के लिए केंद्र क्रमांक 16174 स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश और हिंदी मीडियम स्कूल जामगांव आर, पाटन, दुर्ग को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्राचार्य एवं केंद्राध्यक्ष राजेश पिल्लई ने बताया कि इस परीक्षा केंद्र 200 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दिनांक 15 सितंबर रविवार को 12 बजे से 2.15 बजे तक होगी। परीक्षार्थी परीक्षा में 1.30 घण्टे पूर्व केंद्र में उपस्थित हो जाएं। उक्त जानकारी देते हुए सेजस जामगांव आर प्राचार्य राजेश पिल्लई ने बताया कि परीक्षार्थी अपने साथ केवल अपना प्रवेश पत्र जिसमें परीक्षार्थी और व्यापमं दोनों की प्रति, फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र और नीला या काला स्याही का पेन ला सकते हैं।

### ट्रेन से जेवरात का बैग गायब, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** ट्रेन में सफर के दौरान बैग से जेवरात से भरा बैग चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 303 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

---

**समस्या : सप्ताहभर पहले सड़क खुदाई के दौरान क्षतिग्रस्त हुई थी पाइप, अब तक नहीं हुई मरम्मत**


# कुसुमकसा के ग्रामीणों को नल-जल योजना से सातवें दिन भी नहीं मिला पानी, भटक रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 930 के तहत सड़क चौड़ीकरण व उन्नयन कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों द्वारा बरती गई लापरवाही व स्थानीय प्रशासन की उदासीनता का खामियाजा कुसुमकसावासियों को भुगतना पड़ रहा है। उन्हें बूंद-बूंद पानी के लिए मोहताज होना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत कुसुमकसा की नल-जल योजना की पाइप लाइन निर्माणाधीन सड़क के नीचे होने से पाइप क्षतिग्रस्त होने से पानी टंकी से पानी की सप्लाई ग्रामीणों को सात दिनों से नहीं हो पा रही है। समाचार लिखे जाने तक फाल्ट नहीं मिला है, जिससे लगता है कि आठवें दिन भी नलजल योजना की पानी टंकी से ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पाएगा।

पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने बताया कि कुसुमकसा के ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के तहत सड़क निर्माण के समय ही राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के अधिकारियों, तत्कालीन कलेक्टर तथा निर्माण एजेंसी के जिम्मेदार कर्मचारियों को भविष्य में होने वाली समस्या से अवगत करा दिया गया था। उन्हें बताया गया था कि निर्माणाधीन सड़क के बीच नलजल योजना की पाइप लाइन आने से सड़क निर्माण के बाद पाइप लाइन में खराबी होने पर उसे सुधारने में समस्या का सामना करना पड़ेगा। वहीं, उस दौरान लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ेगा। इसलिए पाइप लाइन को निर्माणाधीन सड़क के किनारे शिफ्ट करने का आग्रह किया गया था, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।

**निर्माण के दौरान बरती गई लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण**



### टेलीकाम कंपनी का केबल बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई पाईप

*गौरतलब है कि कुसुमकसा बस स्टैंड चौक के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के तहत के निर्मित सड़क के सर्विस रोड के नीचे निजी टेलीकाम कंपनी द्वारा केबल बिछाया जा रहा है। इस दौरान एक जगह लगभग 5 फीट गड्डा कर लगभग 100 मीटर अंदर-अंदर मशीन के माध्यम से खोदाई कर केबल डाल रहे थे। खोदाई के दौरान नल-जल योजना की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई होगी, जिससे पानी बहने लगा था और ग्रामीणों को नल-जल योजना का लाभ मिलना बंद हो गया। निजी टेलीकाम कंपनी के लोगों ने क्षतिग्रस्त पाइप को खोजने सड़क की खोदाई की, लेकिन फाल्ट नहीं ढूंढ पाए और गड्ढे को वैसा ही छोड़कर चले गए।*

*टेलीकाम कंपनी के लोगों के जाने के बाद सरपंच शिवराम सिंद्रामे ने मजदूर लगाकर क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को खोजने पुनः खोदाई कराई गई, किंतु समाचार लिखे जाने तक फाल्ट नहीं मिला है। इससे लगता है कि आठवें दिन भी नल-जल योजना की पानी टंकी से ग्रामीणों को पानी नहीं मिल सकेगा।*

**ग्रामीणों ने असामाजिक तत्वों द्वारा छेड़छाड़ की आशंका जताई**

## नारागांव में नल से निकला केमिकलयुक्त बदबूदार पानी

**बालोद।** जिले के गुरुर ब्लॉक अंतर्गत स्थित ग्राम नारागाँव में नल जल योजना तहत दिए गए कनेक्शन में केमिकल मिलाए जाने का मामला सामने आया है। इसके कारण ग्रामीणों का खाना-पीना मुश्किल हो गया है। हालांकि पंचायत द्वारा नल जल के कनेक्शन को साफ कराने का कार्य किया जा रहा है।

ग्राम नारागाँव में बीते सोमवार की सुबह से ही घर में लगे सैकड़ों नल कनेक्शन से केमिकल युक्त पानी नल के माध्यम से निकलने लगा। उसके उपयोग के बाद लोगों को पता चला कि पानी में कुछ केमिकल मिला हुआ है। लेकिन, शुरू में लोगों को लगा कि पंचायत या स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्लोरिन पानी टंकी में डलवाया गया होगा। वहीं, लोगों को पानी का उपयोग करने पर स्वाद और गंध बहुत अजीब लगा। उसके बाद यह ग्रामीणों में चर्चा का कारण बन गया। तब सरपंच ने ग्रामीणों को जानकारी दी कि पंचायत द्वारा पेयजल पानी में कोई दवाई नहीं डाली गई है। वहीं, सरपंच ने जब स्वास्थ्य विभाग से जानकारी ली, तब विभाग ने भी कोई दवाई पानी में डालने से मना कर दिया। उसके बाद सरपंच, उप सरपंच, वार्ड पंचों व ऑपरेटर के माध्यम से पूरे गाँव के पानी व गेट वाल की जानकारी ली गई। तब वार्ड क्रमांक 2, 3, 4 और 5 में केमिकल युक्त पानी मिला, जो बहुत ही ज्यादा बदबू कर रहा था। उसके बाद पानी की सप्लाई को इन वार्डों में आनन-फानन में बंद किया गया और पानी को खुले में छोड़ा गया।





### फेंकना पड़ा खाना

ग्रामीण रमन नेताम, अशोक कुमेटी ने बताया कि सोमवार सुबह से नल कनेक्शन के माध्यम से केमिकल युक्त पानी घरों में आया। उससे ही खाना बनाया गया, जिसके कारण खाने से केमिकल की बदबू आने लगी। उसके कारण खाने को फेंकना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि अब हैंडपम्प के पानी का उपयोग कर रहे हैं।



### कराई जा रही है पाइप की सफाई

सरपंच प्रतिमा मंडावी ने बताया कि असामाजिक तत्वों द्वारा नल कनेक्शन में छेड़खानी कर केमिकल डाले जाने की आशंका है। इसके कारण पानी का स्वाद और गंध बदल गया है। इसलिए पूरे पानी को बाहर निकाल कर पाइप की सफाई कराई जा रही है। इस संबंध में पीएचई विभाग को जानकारी दी गई है।

---

# मॉल में चोर का धावा, डेढ़ लाख नकदी पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

▪ कोतवाली थाना क्षेत्र में फिर हुई बड़ी वारदात

कोतवाली थाना क्षेत्र में बीते एक महीने के भीतर चोरी की तीन अलग-अलग बड़ी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। वहीं, बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात फिर एक बड़ी चोरी हो गई। अज्ञात चोर शहर के गंजपारा में स्थित सुमित बाजार में शटर को तोड़कर करीब डेढ़ लाख रुपए नगदी की चोरी कर फरार हो गया।

इस घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह जब बालोद पुलिस को मिली तो एसडीओपी देवांश सिंह राठौर और थाना प्रभारी रविशंकर पांडेय सहित पुलिस के अन्य कर्मचारी सुमित बाजार पहुंचे। सीसीटीवी फुटेज से लेकर सुमित बाजार के हर एक कोने कोने की छानबीन की, हालांकि पुलिस को अज्ञात चोर का कोई सुराग नहीं मिला है। शातिर चोर ने पुलिस के हाथों कुछ सुराग न लगे इसके ▶▶| शेष पेज 11 पर








### सुमित बाजार, मॉल, थियेटर सब एक साथ, लेकिन गार्ड एक भी नहीं

करोडों रुपए की लागत से बने इस मॉल में नीचे ग्राउंड फ्लोर पर सुमित बाजार है। उसके ठीक ऊपर कपड़े का बाजार है और उसके ऊपर मॉल है। जहां रेस्टोरेंट, थियेटर, गेम सेंटर व बैठक हॉल, किसी भी प्रोग्राम या पार्टी करने की भी जगह है। वहीं, यहां लगभग 100 से अधिक लोग काम करने वाले हैं। लेकिन, सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यहां रात के समय एक भी गार्ड तैनात नहीं रखा जाता। गार्ड नहीं होने के कारण चोर ने इस बड़ी वारदात को अंजाम दिया है।

### पुलिस का रटा रटाया जवाब जांच जारी है बेखौफ चोर घटनाओं को दे रहे अंजाम

क्षेत्र में पुलिस की सुस्त कार्यशैली के कारण चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि सुमित बाजार जिस जगह पर स्थित है, वह नेशनल हाईवे पर है। पहले भी हुई चोरी की घटना में पुलिस को सफलता हासिल नहीं हुई है। पुलिस गिरफ्त से बाहर बेख़ौफ होकर घूम रहे चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं, जबकि पुलिस की कार्यशैली पर लगातार सवाल खड़े होते जा रहा है। वहीं, एक बार फिर इस मामले में थाना प्रभारी रविशंकर पांडेय ने कहा कि जांच में जुट गए हैं। पुराने मामले की भी जांच कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।

# डोंडी नगर में नशे का अवैध कारोबार जोरों पर महिलाओं ने पुलिस को सौंपी ठिकानों की सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

▪ बजरंग दल ब्लाक अध्यक्ष के नेतृत्व में डोंडी पुलिस से की शिकायत, की कार्रवाई की मांग



नगर में अवैध रूप से देशी, कच्ची शराब एवं गांजा बेचने वालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को बजरंग दल के डोंडी ब्लॉक अध्यक्ष निखिल अग्रवाल के नेतृत्व में महिलाओं ने डोंडी पुलिस को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने उक्त अवैध कार्यों में लिप्त लोगों का नाम भी पुलिस को सौंपा।

शिकायत आवेदन में कहा गया है कि डौण्डी नगर के मुख्य मार्ग से लेकर मोहल्लों में खुलेआम, अवैध शराब सहित नशे का सामान बेचने का कार्य किया जा रहा है। इससे पूरे नगर के बच्चों एवं नवयुवकों में नशे की लत बढ़ती जा रही है। यह नशा भविष्य में अपराधों का कारण बन सकता है। वहीं, शराब की खुलेआम अवैध बिक्री से नगर में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं।

इसके साथ ही आए दिन लड़ाई-झगड़ा और मारपीट की स्थिति बनी रहती है। इससे नगर की महिलाओं में डर का माहौल बना हुआ है। नगर की जनता आपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। इसलिए गैर-कानूनी काम को त्वरित संज्ञान में लेते हुए अवैध शराब बेचने वालों पर तत्काल कार्रवाई करें। सौंपे गए आवेदन में चार जगह धुर्वाटोला में, आठ जगह आवासपारा में, दुर्गा चौक में, चार जगह जवाहरपारा मेन रोड में, दो जगह बाजार रोड होटल डौण्डी में, दो जगह बंधियापारा में, मथाई चौक, केवट पारा, ढाबा, मेन रोड बस स्टैण्ड डौण्डी में शराब व नशे का अन्य सामान बेचे जाने की शिकायत की गई है।

---

**27 अगस्त को कुआंगोंदी में जनसमस्या निवारण शिविर में की गई थी शिकायत**

# कुसुमकसा पहुंचा जांच दल, आरसीसी नाली की परखी गुणवत्ता, मिली खामियां

**किए गए कार्य और मूल्यांकन पंजी की जांच के बाद सौंपा जाएगा जांच प्रतिवेदन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

विगत दिनों कुआगोंदी में आयोजित जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम पंचायत कुसुमकसा के वार्ड क्रमांक 16 में निर्मित आरसीसी नाली निर्माण में बरती गई अनियमताओं की जांच की मांग को लेकर आवेदन सौंपा गया था। इसी आवेदन के आधार पर गठित जांच दल अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी विभाग डोंडी के नेतृत्व में कुसुमकसा पहुंचा।

जांच दल ने निर्मित नाली की जांच की। इसके साथ ही निर्माण कार्य में लगे मजदूरों, मिस्त्री से भी पूछताछ की। नाली की लंबाई, चौड़ाई और गहराई की नाप ली गई। वहीं, आरसीसी की गुणवत्ता की जांच की गई। इस दौरान रामसिंग घर से राधाबाई के घर तक निर्मित नाली में एक तरफ छड़ ही नहीं डाली गई। वहीं, कांक्रीट की गुणवत्ता भी सही नहीं पाई गई। इसके अलावा दो जगहों पर नाली टूटी हुई मिली है। इस तरह निर्माण स्थल पर अनियमिता दिख रही है। जांच दल के सदस्य पंचनामा बनाकर ले गए हैं। किए गए कार्य और मूल्यांकन पंजी की जांच के बाद टीम द्वारा जांच प्रतिवेदन सौंपा जाएगा। उसके बाद अनियमिताओं तथा किए गए कार्य की गुणवत्ता की जानकारी मिलेगी।



### ग्रामीण यांत्रिकी सेवा डोंडी के एसडीओ के नेतृत्व में पहुंची थी टीम

पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने बताया कि डोंडी विकासखंड के ग्राम पंचायत कुआगोंदी में 27 अगस्त को आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में उक्त नाली निर्माण में बरती गई अनियमिताओं की तीन बिंदुओं की जांच कर उचित कार्रवाई के लिए आवेदन दिया गया था, जिसके परिप्रेक्ष्य में जांच दल पहुंचा था। इस अवसर पर जेपी चंद्राकर एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा डोंडी, गौरव रामटेके सब इंजीनियर, देवेंद्र कुमार भुआर्य, शिवराम सिंद्रामे सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा, दीपक यादव उपसरपंच, अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य, नेमसिंह अलेंद्र सचिव ग्राम पंचायत कुसुमकसा, लोकेश सिन्हा रोजगार सहायक, सुरेंद्र कुमार सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### शहर के दो कबाड़ियों के ठिकानों पर पुलिस दबिश

**भिलाई।** शहर में चल रहे अवैध कबाड के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए एसीसीयू की टीम ने मंगलवार की रात गोकुल नगर कुरुद, तिरंगा चौक कबाडी साहू और छावनी बस्ती के सुरेश पाण्डेय के ठिकानों पर दबिश दिया गया। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि पुलिस ने ललित कबाड़ी के गोकुलधाम गोदाम से 5 वाहनों में भरे लोहे का स्क्रैप 24.08 किलो टन 7 लाख रुपए जब्त वाहन समेत 47 लाख 44 हजार 900 रुपए आंकी गई है। मौके से पुलिस ने वाहन में लोहे का सरिया, एंगल, स्क्रैप लोड करते आर्य नगर कोहका निवासी ललित साहू धरा गया। उक्त कबाड के लिए दस्तावेज मांगी गई थी लेकिन ललित पुलिस के पास दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। इसके अलावा सुरेश पाण्डेय के यहां एक बोलेरा लोहे का टिना स्क्रैप कुल 2 लाख 13 हजार 500 रुपए का सामान जब्त किया गया है। पुलिस ने छावनी गुलाब सिंह, सुरेश सिंह पर भी कार्रवाई किया है।

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### केंद्रीय मंत्री ने विभाग के ओएसडी को दिए निर्देश

**रायपुर।** आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने बुधवार को निर्माण भवन, नई दिल्ली में हुई बैठक में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के ओएसडी जयदीप कुमार को छत्तीसगढ़ राज्य में मास रैपिड ट्रांजिट कॉरिडोर विकसित करने की संभावना तलाशने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान मंत्री ने मेट्रो, मोनोरेल, रैपिड रेल और केबल कारों सहित विभिन्न परिवहन विकल्पों का पता लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ के तीन प्रमुख औद्योगिक शहरों दुर्ग, भिलाई और रायपुर के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाना है।

### बायो डीजल बिना अनुमति बेचने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**रायपुर।** बायो डीजल की बिक्री करने के लिए खाद्य विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति के बायोडीजल बेचने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। इस संबंध में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने खाद्य विभाग को बायोडीजल के व्यापारियों से नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। बायोडीजल के अवैध व्यापार और गड़बड़ी को रोकने के लिए खाद्य विभाग ने मानक प्रक्रिया संहिता जारी की है। इसके तहत जिले में वर्तमान में संचालित जैव-डीजल खुदरा बिक्री केंद्रों की विभाग द्वारा जारी मानक प्रक्रिया सहित जांच की जाएगी।

### कांग्रेस के आब्जर्वरों को दिल्ली में दिया गया प्रशिक्षण

**रायपुर।** राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए बनाए गए आब्जर्वरों के लिए दिल्ली में एआईसीसी मुख्यालय में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य से झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पूर्व राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा को आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भंडारा-गोंदिया लोकसभा क्षेत्र के लिए पूर्व मंत्री शिव डहरिया को आब्जर्वर नियुक्त किया गया है।

### सीमेंट की बढ़ी कीमतों को वापस लें

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने सीमेंट की कीमतों में वृद्धि किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, सरकार को इस संबध में तत्काल सीमेंट फैक्ट्रियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए बढ़ी हुई दर को वापस करवाकर आम जनता को आर्थिक बोझ से बचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, सीमेंट कम्पनियों द्वारा किसे लाभ पहुंचाने के लिए कीमतों में एकाएक वृद्धि कर छत्तीसगढ़ की जनता को महंगाई के बोझ में दबाना चाहती है।

### जनदर्शन आज स्थगित

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हर सप्ताह गुरुवार को होने वाला जनदर्शन इस गुरूवार 12 सितंबर को अपरिहार्य कारणों से नहीं होगा।

### पत्थलगांव को नगर पालिका बनाने की अधिसूचना जारी

**रायपुर।** जशपुर जिले के नगर पंचायत पत्थलगांव को नगर पालिका बनाने के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के प्रकाशन के साथ ही पत्थलगांव को नगर पालिका बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जारी अधिसूचना के तहत नगर पंचायत पत्थलगांव की सीमाएं ही नगर पालिका की सीमा होगी। इस संबंध में लोगों से 21 दिनों तक इस संबंध में दावा-आपत्ति मांगी गई है।

### सीएचसी में उपलब्ध कराई गई शुगर नापने की मशीन

**रायपुर।** कलेक्टोरेट जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुगर और बीपी की मशीन खराब होने की भी शिकायतें आने लगी है। बिरगांव नगर निगम के वार्ड क्रमांक 16 सिलतरा निवासी रूकमणि साहू ने धरसींवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुगर और बीपी की मशीन खराब होने की शिकायत की थी। उनका कहना था कि मशीन खराब होने से आने मरीजों के उपचार में परेशानी आ रही है। इसको लेकर उन्होंने संबंधित विभाग में भी शिकायत की थी, लेकिन इसका निराकरण नहीं होने पर उन्होंने कलेक्टोरेट के जन समस्या निवारण कॉल सेंटर में शिकायत की है।


# 45 करोड़ की लागत से बनेंगे अटल परिसर, सभी निगम, पालिका, नगर पंचायत में लगेगी अटल जी की मूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति स्थापित की जाएगी। इस काम के लिए सरकार ने प्रदेश के सभी 183 नगरीय निकायों के लिए 45 करोड़ 50 लाख रुपयों की मंजूरी दे दी है। खास बात ये है कि इस संबंध में उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने विधानसभा में घोषणा की थी, लेकिन उस समय सभी निकायों में अटल चौक बनाने की बात कही थी, अब इसे अटल परिसर का नाम दिया गया है।

नगरयी प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी निगम आयुक्त, पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि अटल परिसर बनाने के लिए निगम को 50 लाख, पालिका परिषद को 30 लाख और नगर पंचायत को 20 लाख रुपए अधोसंरचना मद के अंतर्गत देने की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

**विधानसभा में उप मुख्यमंत्री साव ने की थी घोषणा**



### निगम को 50, पालिका को 30 नगर पंचायत को 20 लाख

*पूर्व प्रधानमंत्री की मूर्ति स्थापित करने के लिए राज्य के 14 नगर निगमों में सभी को 50 लाख, नगर पालिका 47 को 30-30 लाख, नगर पंचायत 122 को 20-20 लाख रुपए दिए जाएंगे। प्रदेश में निकायों की कुल संख्या 183 है। इन्हें कुल मिलाकर 45 करोड़ 50 लाख रुपए देने की मंजूरी मिली है।*

### जारी हुआ ये निर्देश

संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास ने अटल परिसर निर्माण के संबंध में निकायों को निर्देश दिए हैं। निकायों से कहा गया है कि विभाग द्वारा प्रस्तावित अटल चौक का नामकरण अटल परिसर के नाम से किया जाए। स्व. श्री वाजपेयी की मूर्ति धातु की ही बने ये सुनिश्चित किया जाए। मूर्ति की स्थापना निकाय क्षेत्र के ही किसी मुख्य उद्यान, मुख्य स्थान या मुख्य मार्ग के किनारे स्थापित किया जाए।

**सड़क, नाली निर्माण, पाइप लाइन विस्तार कार्य को मिलेगी गति**

# 2 वार्डों में 1 करोड़ 10 लाख के निर्माण कार्यों की मंजूरी, होंगे थोक में काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व कैबिनेट मंत्री और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने बुधवार को पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वीर सावरकर वार्ड एवं नेताजी कन्हैयालाल बाजारी वार्ड में 1 करोड़ 10 लाख के विकास कार्यों की सौगात दी।

विधायक राजेश मूणत ने बताया कि वे जनभावना के अनुरूप मांग के आधार पर आवश्यक निर्माण कार्यों के लिए राशि स्वीकृत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वीर सावरकर वार्ड और कन्हैया लाल बाजारी वार्ड में उन्होंने बुधवार को एक करोड़ 10 लाख रुपए के विकास कार्यों को स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि वह प्रतिदिन अलग-अलग वार्डों में विकास कार्य स्वीकृत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रायपुर पश्चिम के विभिन्न वार्डों में सुविधाओं के विस्तार के लिए वहां के नागरिकों से चर्चा कर रहे हैं। इसके अलावा उनके कार्यालय आने वाले आवेदनों को भी देख रहे हैं। इसी आधार पर वह अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए जनता की सेवा में जुटे हुए हैं।



**एक नजर स्वीकृत कार्य और संबंधित जगह पर**

- हीरापुर टेंगना तालाब से खपरा भट्ठी नंदनवन मार्ग नाली निर्माण
- हीरापुर गुरुद्वारा से आरडीए कॉलोनी होते हुए रिंग रोड नंबर 2 तक नाली निर्माण
- जरवाय में सामुदायिक भवन से नंदनवन मार्ग और तेंदुआ मार्ग नहर तक सीसी रोड व नाली निर्माण
- अटारी में नाली निर्माण 10 लाख
- अटारी बस्ती में कंक्रीटकरण 8 लाख

**नेताजी कन्हैयालाल बाजारी वार्ड में स्वीकृत कार्य**

- मच्छी तालाब क्षेत्र में सीसी रोड नाली एवं पाइपलाइन विस्तार कार्य 25 लाख
- मच्छी तालाब तुलसी सेन के घर के पास नाली निर्माण 8 लाख
- गुड मॉर्निंग प्रोविजन के पीछे कंक्रीट सड़क निर्माण 8 लाख
- झंडा चौक राम मंदिर होते हुए बालाजी चौक तक नाली निर्माण कार्य

इसके अलावा जिला खनिज संस्थान न्यास निधि मद से शासकीय प्राथमिक शाला अटारी में बाथरूम निर्माण कार्य करने भूमिपूजन किया गया।

### भूमिपूजन में ये रहे उपस्थित

जोन 8 के 2 वार्डो में विकास कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में वार्ड पार्षद कमलेश वर्मा, सुनील चंद्राकर, पूर्व पार्षद ओंकार बैस, मनीष ध्रुव, सामाजिक कार्यकर्ता विशाल पांडेय, भूपेंद्र ठाकुर, जोन कमिश्नर एके हालदार, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, गणमान्य जन व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हीरापुर फ्लाई ओव्हर कार्य जल्द होगा प्रारंभ

*श्री मूणत ने वार्डवासियों को बताया कि उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने हीरापुर फ्लाई ओव्हर बनाने की स्वीकृति दे दी है, शीघ्र ही यह कार्य प्रारंभ हो जायेगा। इससे दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी। नागरिकों को यातायात में काफी राहत मिलेगी। विधायक राजेश मूणत ने कहा कि राज्य में जब से विष्णुदेव साय की सरकार बनी है, तब से सभी जगह सांय-सांय कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगवाई में सुशासन वापस पटरी पर लौट आया है। सत्ता पक्ष का विधायक होने के कारण मैं भी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के क्रियान्वयन में अपनी ऊर्जा लगा रहा हूं। इस कार्य में भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है।*

# तहसीलदार पर कमिश्नर की गिरी गाज, सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



धमतरी जिले के एक तहसीलदार को विभागीय काम में लापरवाही करना और सक्षम अधिकारी से अनुमति लिए बिना तहसील मुख्यालय से बाहर रहना भारी पड़ा। संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर को इस मामले की जांच कर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के प्रतिविदेन में शिकायत सही पाई गई, जिसके बाद कमिश्नर ने तहसीलदार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

**प्रकरणों को लंबित रखकर लोगों को परेशान करने की भी शिकायत**

जिले के बेलरगांव तहसीलदार अनुज पटेल के खिलाफ कुछ लोगों ने संभाग कमिश्नर से शिकायत की गई थी। इस शिकायत में बताया गया था कि तहसीलदार ज्यादातर बिना अनुमति या सक्षम स्वीकृति के मुख्यालय से बाहर रहते हैं और अपने काम में भी लापरवाही बरतते हैं। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया था कि प्रकरणों को बिना कारण के लंबित रखा जाता है, जिसके कारण लोगों को भी परेशान होना पड़ता है। कमिश्नर ने तहसीलदार के खिलाफ मिली इस शिकायत कीर तत्काल जांच कराने के लिए जिला कलेक्टर को निर्देश दिए थे। इस निर्देश के पालन करते हुए कलेक्टर ने इसकी जांच कराई। इस जांच में शिकायतें सही पाई गईं। कलेक्टर द्वारा कराई गई जांच का प्रतिवेदन मिलते ही कमिश्नर ने तहसीलदार अनुज पटेल को तत्काल निलंबित कर दिया है। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के प्रावधानों के तहत उन्हें निलंबित किया गया है।

### आरोपों, गवाहों एवं दस्तावेजों की सूची मांगी

कमिश्नर ने निलंबन की कार्रवाई करने के साथ कलेक्टर को तहसीलदार के विरुद्ध लगाए गए आरोपों का विवरण, गवाहों की सूची, लंबित प्रकरणों एवं दस्तावेजों की सूची तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं। इसकी रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर संभाग कार्यालय को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।

ज्ञात हो कि कमिश्नर इससे पूर्व रायपुर तहसील कार्यालय के एसडीएम सहित एक तहसीलदार को प्रकरणों को समय सीमा पर निराकरण नहीं कर लंबित रखने के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सूत्रों के अनुसार इस नोटिस का एसडीएम और तहसीलदार द्वारा जवाब भी भेजा गया है। यह जवाब संतोषजनक है या नहीं, इसे देखने के बाद ही कमिश्नर इस मामले में निर्णय लेंगे।

# पीएम मोदी 16 को अहमदाबाद में एक लाख कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित शामिल हो सकते हैं सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री के रूप में जून में तीसरी बार सत्ता संभालने के बाद नरेन्द्र मोदी अपने पहले गुजरात दौरे के दौरान 16 सितंबर को अहमदाबाद में एक कार्यक्रम में लगभग एक लाख भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इसके माध्यम से भाजपा संगठन की ताकत का प्रदर्शन करेंगे और देश को एक संदेश देंगे। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हो सकते हैं। हालांकि उनका अहमदाबाद जाने का अभी कार्यक्रम नहीं बना है।





बताया गया है कि प्रधानमंत्री मोदी 15 और 16 सितंबर को गुजरात दौरे पर होंगे। पहले दिन वह पालनपुर जिले के डीसा शहर में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। दूसरे दिन वह गांधीनगर में महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में एक सरकारी कार्यक्रम और मेट्रो सेवा से संबंधित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री पहले महात्मा मंदिर में 16 सितंबर को वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन एवं प्रदर्शनी (री-इन्वेस्ट) के चौथे संस्करण का उद्घाटन करेंगे और फिर अहमदाबाद को गांधीनगर से जोड़ने वाली मेट्रो ट्रेन सेवा के दूसरे चरण का उद्घाटन करेंगे। 16 सितंबर की शाम को, एक लाख भाजपा कार्यकर्ता शहर के जीएमडीसी मैदान में प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए एकत्र होंगे जो तीसरी बार सत्ता संभालने के बाद पहली बार अपने गृह राज्य गुजरात का दौरा करेंगे।



# दिलीप रविवि कर्मचारी संघ के नए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में कर्मचारी संघ के चुनाव बुधवार को संपन्न हुए। दिलीप धृतलहरे को नया अध्यक्ष चुना गया है। सात पदों के लिए ये मतदान हुए थे। चुने अन्य अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष तृतीय वर्ग विवेक शर्मा, चतुर्थ वर्ग ललित देवांगन, सचिव संदीप, सह सचिव तृतीय वर्ग संतोष डहरे, सह सचिव चतुर्थ वर्ग विजय ध्रुव, कोषाध्यक्ष पुष्कर दीवान के नाम शामिल हैं। इसके अलावा पांच सदस्यी कार्यकारिणी भी गठित की गई है। बुधवार देर रात तक मतगणना चलती रही। इसके बाद परिणामों की घोषणा की गई। चुने गए पदाधिकारियों का कार्यकाल दो वर्षों का होगा। मतदान के लिए योग्य रविवि के 260 कर्मचारियों में से 254 ने अपने मत का प्रयोग किया। विश्वविद्यालय में चुनाव प्रक्रिया माहभर पूर्व प्रारंभ की गई थी। चुनाव प्रचार सहित अन्य प्रक्रियाएं भी इस दौरान जारी रही। नामांकन भरे जाने के बाद कई ने अपने नाम वापस भी लिए थे। सभी विभाग के कर्मचारियों ने इसमें हिस्सा लिया।

# संगठन की मजबूती व नवीनता के लिए अधिक से अधिक सदस्य बनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा सदस्यता अभियान समिति की बैठक में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने कहा, संगठन की मजबूती और नवीनता के लिए अधिक से अधिक सदस्य बनाने का प्रण लेना होगा। यह भाजपा संगठन का महापर्व है, जिसमें सबकी सहभागिता जरूरी है। केंद्रीय संगठन ने जो लक्ष्य राज्य के लिए तय किया है, उसे पूरा करने के लिए आप सभी को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सदस्यता अभियान को व्यापक रूप देना होगा।

प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा, जब से सदस्यता अभियान की शुरुआत हुई है, तब से ही प्रदेश में लगातार सदस्य बनने की प्रक्रिया बेहतर है। अभी तक के करीब 7 लाख हमारे सदस्य बन गए हैं। इस संख्या को लक्ष्य तक ले जाने के लिए सभी को तत्परता से जुटना होगा। जिलेवार जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे पूरा करने में सभी मोर्चे-प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी जुट जाएं। कार्यक्रम का संचालन जगन्नाथ पाणिग्रही ने किया। आभार पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने किया। बैठक में महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, भरत वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, सरला कोसरिया, लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, कोषाध्यक्ष नन्दन जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख,पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय, कमल गर्ग सहित सदस्यता अभियान टोली के पदाधिकारी मौजूद थे।



# मुख्यमंत्री साय ने दी वन शहीदों को श्रद्धांजलि

*रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर वन शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राजीव स्मृति वन में आयोजित कार्यक्रम में वन शहीद स्मारक का अनावरण भी किया गया। इस दौरान वन शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर नमन किया गया। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि आज भावनाओं से भरा दिन है। हम उन वीर शहीदों का स्मरण कर रहे है जिन्होंने जंगलों, प्राकृतिक संसाधनों और वन्य जीवों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। इस अवसर मुख्यमंत्री, वन मंत्री और राजस्व मंत्री ने अपने पिता की स्मृति में पौधा रोपण भी किया। बुधवार को राजधानी रायपुर के राजीव स्मृति वन में 20वां राष्ट्रीय वन शहीद दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, वन बल प्रमुख व्ही श्रीनिवास राव, अखिल भारतीय वन अधिकारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश मिश्रा, चेयरमैन दिग्विजय सिंह सहित विभिन्न राज्यों से आए पदाधिकारी और बड़ी संख्या में वनकर्मी मौजूद रहे।*



# गांजा तस्करी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नशे के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई कर रही है। इस दौरान एसीसीयू और भिलाई नगर पुलिस ने कार्रवाई कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अवैध रुप से गांजा को रख कर सेक्टर 7 सडक 1, के पास बेचने की फिराक में खडा था। घेराबंदी कर युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सेक्टर 7 निवासी रिजवान खान बताया है। उसके पास से पुलिस ने 5 किलो ग्राम गांजा सफेद रंग के बोरे से जब्त किया गया। उसकी कीमत 50 हजार रुपए आंकी गई है। गौरतलब हो कि दुर्ग पुलिस नशे को लेकर बड़ा अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। इस दौरान सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, टीआई प्रशांत मिश्रा समेत टीम मौजूद थी।



एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि खुर्सीपार थाना क्षेत्र से बीते दिनों पुलिस ने अभियान चलाकर सेक्टर 6 सड़क 11 सी पिंतु कमार साहनी इंडियन बैंक खुर्सीपार खाता 50204507325, वार्ड 13 गांधी चौक एमपी अजय साहनी फिनो बैंक रायपुर खाता 20266316686, देवरिया यूपी एबी साहनी आईडीबीआई बैंक भिलाई खाता 2022104 000067856, अजय प्रसाद फिनो बैंक आईडीबीआई बैंक महाराष्ट्रा 0377979 00016519 के खातों के रकम को पुलिस ने होल्ड कराया है। इसके अलावा डोंगरीपाली निवासी बबुलू उर्फ बबूला बारिक एसबीआई खाता 35499197340 भी शामिल है। इसके अलावा पुलिस ने सात वाहनों को जब्त भी किया है। जिसमें सीजी 5 एफ 0431, जीजे 01 केडी 806804, सीजी 04 एचसी 2080, सीजी 04 केबी 4604, सीजी 07एजे 6067, सीजी 10 ईक्यू 3103, सीजी 07 सीएम 8863 वाहन शामिल है।

**निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची तैयार करने कार्यक्रम किया जारी**

# नगरीय निकाय चुनाव दिसंबर में और पंचायत का जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव के लिए मतदाता सूची बनाने की प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। पहले चरण में 18 सितंबर तक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति होगी। प्रारंभिक प्रारूप निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी।




दूसरे चरण में निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन होगा और दावे तथा आपत्तियां ली जाएंगी। राजनैतिक दलों को 16 अक्टूबर तक मतदाता सूची उपलब्ध कराई जाएगी। इसके आधार पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि इस वर्ष दिसंबर या अगले वर्ष जनवरी में चुनाव कराए जा सकते हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया। आयोग द्वारा सभी उप जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता सूची शुद्ध एवं निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। मतदाता सूची तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या प्राधिकृत कर्मचारियों का प्रशिक्षण एवं भारत निर्वाचन आयोग में तैयार विधानसभा की मतदाता सूची 20 सितंबर तक ली जाएगी। 21 सितंबर तक विधानसभा की मतदाता सूची स्थानीय निकायवार अलग कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दी जाएगी। इसके बाद 27 सितंबर तक प्रचलित परिसीमन के आधार पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा मतदाता सूची को पंचायतवार मार्किंग की जाएगी। चार अक्टूबर तक मतदाता सूची की चेकलिस्ट बनाई जाएगी तथा 10 अक्टूबर तक संशोधित चेकलिस्ट जिला निर्वाचन कार्यालय को दी जाएगी। 14 अक्टूबर तक जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाता सूची को रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाएगा।

### 22 नवंबर को अंतिम प्रकाशन

23 अक्टूबर दोपहर तीन बजे तक तक दावा, आपत्तियां ली जा सकती हैं। इसके बाद 29 अक्टूबर तक इनके दावे आपत्तियों का निराकरण होगा। चार नवंबर तक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत किया जा सकता है तथा निराकरण की आखिरी तारीख आठ नवंबर है। अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्न 19 नवंबर तक करना होगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22 नवंबर को होगा।

### इतनी पंचायतों और निकाय हैं

प्रदेश में 11,664 पंचायतें हैं। इनमें से 5,050 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं, जहां की आबादी 5,000 से अधिक है। वहीं 33 जिलों में 184 निकाय हैं। इनमें से 14 नगर निगम, 48 नगर पालिका परिषद व 122 नगर पंचायत हैं।

## खबर संक्षेप



### भगवान गणेश को लगाया 21 किलो लड्डू का भोग

**रायपुर।** बूढ़ापारा स्थित श्री गणेश मंदिर में बुधवार को महाआरती कर 21 किलो लड्डू का भोग लगाया गया। इसके बाद भक्तों को बांटा गया। इस अवसर पर प्रदेश वासियों के सुख-समृद्धि की कामना करने के साथ लोगों के दुखों का निवारण करने बप्पा से प्रार्थना की गई। यह कार्यक्रम एक प्रयास संस्था द्वारा किया गया। इसी दौरान संस्था के अध्यक्ष सत्तू सिंह ने बताया कि इस पुनीत कार्य में पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, संजय पाठक, पार्षद आकाश तिवारी, अमितेष भारद्वाज, सुनील भुवाल, संजय सोनी, नितिन भंसाली, मनोज राठी सहित अन्य भक्त भी मौजूद रहे।

### कृषि महाविद्यालय का मुक्तिधाम सुधारने की मांग

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय मुख्यालय के मुक्तिधाम की वर्तमान दशा को सुधारने की मांग को लेकर श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईं नगर जोरा के पदाधिकारियों ने बुधवार को विधायक अनुज शर्मा के आवास जाकर मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। इसी दौरान समिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी और पूर्व कोषाध्यक्ष सुरेश सोनी ने विधायक को बताया कि मुक्तिधाम में आने जाने का रास्ता अभी कच्चा है, अंतिम संस्कार स्थल के आसपास आगंतुकों के लिए बड़ा सा शेड निर्माण भी नहीं कराया गया है और वहां बैठने के लिए पर्याप्त संख्या में बेंच भी नहीं है और कई समस्याएं हैं।

पेज 9 का शेष

### मॉल में चोर का ..

लिए उसने पूरी तैयारी के साथ वारदात को अंजाम दिया है। चोर ने हाथ में बाकायदा दस्ताना पहना है, जूते या चप्पल की पहचान न हो सके इसलिए खुले पैर अंदर प्रवेश किया। चेहरे को गमछे से पूरी तरह ढका हुआ था। लॉकर को तोड़ने ऐसा हथियार रखा है, जिसमें लॉकर को आसानी से कुछ ही सेकेंडों में तोड़ दिया है। घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुका है, जिसकी जांच पुलिस कर रही है।

## आयोजन : सरस्वती शिशु मंदिर में हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता

# खेलकूद व बौद्धिक स्पर्धाओं में बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर के निर्देश पर एक दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद और बौद्धिक प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को किया गया। उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि लोकेश्वरी साहू, अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडीलोहारा थीं, अध्यक्षता राघवेन्द्र नाथ मिश्र अध्यक्ष नव ज्ञानोदय शिक्षण समिति डौंडीलोहारा ने की। विशेष अतिथि सियाराम सार्वा पूर्व सचिव सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति (छ.ग.) बिलासपुर थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा के साथ साथ अनुशासन एवं संस्कार के लिए जाना पहचाना जाता है। विशेष अतिथि सार्वा ने कहा कि मानव शरीर में 5 कोष होते हैं, अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, आनन्द मयकोष, विज्ञानमय कोष। इन सभी कोषों को विकसित करने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा सर्वांगीण विकास की दृष्टि से खेलकूद एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। अध्यक्षता कर रहे श्री मिश्र ने कहा कि विद्यालय के माध्यम से भैया बहनों का विकास खेल कूद बौद्धिक और संगीत के माध्यम से किया जाता है। उन्होंने अच्छा प्रदर्शन कर अपना नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।





### खेलकूद में इन्होंने मारी बाजी

इसी प्रकार खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ खेतेश कुमार बालोद प्रथम, 100 मीटर दौड़ बहिन छवि दल्लीराजहरा प्रथम, 200 मीटर दौड़ बहन छवि दल्लीराजहरा प्रथम, 200 मीटर दौड़ भैया नेतराम गुरुर , 400 मीटर दौड़ भैया भूपेंद्र कुमार दल्लीराजहरा प्रथम, मयंक सिन्हा बालोद द्वितीय, 400 मीटर दौड़ बहन डॉली दल्लीराजहरा प्रथम, पूर्वी ठाकुर द्वितीय रहे। वहीं, रिले रेस में डिंपल, छवि, डॉली, मानसी दल्लीराजहरा प्रथम, रिले रेस भैया खेतेश, तनमय साहू, डामेन कुमार साहू मयंक सिन्हा प्रथम, लंबी कूद प्रतीक ध्रुवे प्रथम, नेतराम द्वितीय, ऊंची कूद बहन छवि दल्लीराजहरा प्रथम, दीपिका डौंडीलोहारा द्वितीय, भैया डेमन राणा प्रथम ,वेदान्त गौर द्वितीय रहे। गोला फेंक में बहन कुमुद मंडावी बालोद प्रथम, भैया प्रतीक ध्रुवे प्रथम, फुगड़ी बहन तन्वी उर्वशा कुसुमकसा प्रथम, धारिणी डौंडीलोहारा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समूह खेल में कबड्डी डौंडीलोहारा प्रथम स्थान प्राप्त किया।



**विजेताओं को किया गया पुरस्कृत :** समापन सत्र के मुख्य अतिथि किशोरी साहू उपाध्यक्ष जिला भाजपा बालोद थे, अध्यक्षता येणू कुमार दिल्लीवार व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर डौंडीलोहारा थे। दारासिंह भौसार्य महामंत्री भाजपा मंडल डौंडीलोहारा विशेष रूप से उपस्थित थे। किशोरी साहू ने कहा कि भैया बहनों का उत्साहवर्धन किया। उसके बाद विजेता भैया-बहनों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। निर्णायकों को भी विद्यालय द्वारा प्रोत्साहन प्रदान किया गया । कार्यक्रम का संचालन संस्था प्रमुख डोमार सिंह साहू प्राचार्य ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महेंद्र जायसवाल, डोमेन्द्र देशमुख पूषण भुआर्य, हर्षा देवांगन , संजय दुबे, जसराज शर्मा, गजेन्द्र चक्रधारी, तोरण सिंह ठाकुर ,प्रतिभा सुकतेल ,अशोक सिन्हा एवं समस्त आचार्य दीदियाँ ,समिति सदस्य अभिभावक बंधू ,भैया-बहनों का विशेष सहयोग रहा ।

### बौद्धित प्रतियोगिताओं के ये रहे विजेता

बौद्धिक प्रतियोगिता में व्यक्तिगत गीत में ईशा निषाद डौंडीलोहारा प्रथम, निकिता रावटे दल्लीराजहरा द्वितीय रहे। इसी तरह निबंध प्रतियोगिता में रातिन कुमार कोसमा डौंडीलोहारा प्रथम, याचना ठाकुर बालोद द्वितीय, चित्रकला प्रतियोगिता में दिव्या गुरुर प्रथम, निश्चय यादव डौंडीलोहारा द्वितीय, रंगोली प्रतियोगिता में अईशा बेगम कुसुमकसा प्रथम, कुसुमलता गावरे डौंडीलोहारा द्वितीय, एकल भजन में दिपांशी यादव दल्लीराजहरा प्रथम, दिशा डौंडीलोहारा द्वितीय रहे। इसी तरह कथा कथन में सत्यवीर सिंह राणा बालोद प्रथम, एकल अभिनय में चैतन्य देवांगन बालोद प्रथम, युक्ति देवांगन डौंडीलोहारा द्वितीय ने प्राप्त किया। वैदिक गणित प्रश्न मंच में लक्ष्य सिंह ठाकुर ,हर्षित साहू, तुषार कुमार बालोद प्रथम और नमन चंदेल ,कुणाल केराम ,विनीत कुमार ठाकुर डौंडीलोहारा द्वितीय, विज्ञान प्रश्न मंच में वैभवी पवार, पूर्वी सिन्हा, धारणा सेन गुरुर प्रथम, देविका नेताम ,मोहनीश कुमार, भूप्रिया वैष्णव बालोद द्वितीय रहे। वहीं, विज्ञान प्रादर्श विषय कचरा प्रबंधन में विनीत कुमार भरतद्वाज बालोद प्रथम, यातायात साधन में हिमांक भरतद्वाज बालोद प्रथम, नवाचार विहान देवांगन बालोद प्रथम, जल संरक्षण में देवांशु खरे कुसुमकसा प्रथम ,अर्पिता वैष्णव बालोद द्वितीय ,सरल मशीन धनंजय यादव कुसुमकसा प्रथम ,डेमन साहू बालोद द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# प्राचीन सिद्ध गणेश मंदिर में माहेश्वरी महिला मण्डल ने लगाया छप्पन भोग






**गुरूर।** ग्राम कोलिहामार में स्थित प्राचीन सिद्ध गणेश मंदिर में माहेश्वरी महिला मण्डल द्वारा छप्पन भोग प्रसादी की गई।

मंदिर में चल रहे ग्यारह दिवस के अनुष्ठान के बाद महिला मण्डल ने भगवान गणेश को छप्पन भोग लगाया। महिला मण्डल की सदस्य मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन के साथ अनुष्ठान में सम्मिलित हुई। समस्त अनुष्ठान आचार्य पंडित सुरेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस दौरान माहेश्वरी महिला मण्डल अध्यक्ष मंजू टावरी, सचिव ममता टावरी, कोषाध्यक्ष प्रतिमा टुवानी, माया टावरी, स्नेहलता टुवानी, ललिता टुवानी, रेणुका टुवानी, निधि टुवानी, लीलादेवी टावरी, सीमा टावरी, कस्तूरी चांडक, संजू राठी, रमा टावरी, माया टावरी, सरोज टावरी, कविता टुवानी, विमलेश केला, खुशबू टावरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## तांदुला लबालब...



**बालोद।** जिले के सबसे बड़े और तीन जिलों का जीवनदायिनी तांदुला जलाशय अब तेज हवाओं से लहरों से छलकने लगा है। जिले में बीते दिनों रविवार से मंगलवार तक हुई अच्छी बारिश के परिणाम स्वरूप ही जिले के जलाशयों में लबालब पानी भरा हुआ है। वहीं खरखरा व मटियामोती जलाशय में क्षमता से अधिक पानी होने से अब ओवरफ्लो होने लगा है। इधर तांदुला जलाशय की मनोरम दृश्य देखने सैलानियों की भीड़ एक बार फिर से देखने को मिल रही है, लेकिन उनकी लापरवाही भी खुलकर सामने आ रही है।लोग जलाशय के बेहद नजदीक जाकर सेल्फी लेते हुए व जिस जगह से पानी छलकता है, वहां जाकर बैठते हुए भी नजर आ रहे हैं, इससे उनकी जान-माल का खतरा बना हुआ है। आगामी दो दिनों के भीतर अगर कुछ घंटे और अच्छी बारिश हो जाती है, तो तांदुला ओवरफ्लो होते नजर आएगा।




KS GROUP
PUNJAB | INDIA
KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265


# कार्य में लापरवाही, रोजगार सहायक पदमुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- ग्राम पंचायत करहीभदर का मामला, जनपद सीईओ ने की कार्रवाई

शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने तथा कार्यों में रुचि नहीं लेने सहित पंचायत में अनुपस्थित रहने वाले करहीभदर ग्राम पंचायत में पदस्थ रोजगार सहायक उमेश कुमार को हटा दिया गया है। उनके स्थान पर अब सांकरा (क) में पदस्थ रोजगार सहायक चंद्रकला साहू को प्रभार सौंपा गया है।

जनपद पंचायत सीईओ पिताम्बर यादव ने बताया कि बालोद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत करहीभदर में रोजगार सहायक के पद में कार्यरत उमेश कुमार मरार द्वारा जनपद के द्वारा बार-बार निर्देश देने के बाद भी कार्य में रूचि नहीं ली जाती है। प्रधानमंत्री आवास योजना में लम्बे समय से अपूर्ण आवास पूर्ण कराने में अनेक निर्देशों के बाद और अधिकारी भ्रमण के उपरान्त भी रूचि नहीं ली जा रही है। पीएमएवाय योजना, पी.डब्ल्यू.एल, आवास प्लस जीओ टेग कार्य में रूचि नहीं ली गयी। जिस कारण क्षेत्रीय त क नी की सहायक और हथौद ग्राम रोजगार सहायक के हस्तक्षेप से जीओ टेग कार्य अंतिम समय में पोर्टल बंद होने के ठीक पूर्व किया गया। ओ.बीसी सर्वेक्षण कार्य सचिव व बीएलओ के सहयोग के लिए ड्यूटी लगायी गयी थी। परन्तु उक्त रोजगार सहायक द्वारा सहयोग करने के स्थान पर बिना पूर्व सूचना के पंचायत से अनुपस्थित रहे। इस तरह की कई अन्य लापरवाही को देखते हुए 11 सितंबर को सीईओ जनपद पंचायत द्वारा टेलीफोन के माध्यम से जनपद बुलाये जाने पर तथ्यविहीन कारणों का हवाला देकर आने से इंकार कर दिया गया।

### जनपद कार्यालय में किया गया संलग्न

जनपद पंचायत सीईओ पिताम्बर साहू ने बताया कि अनेक बार मौखिक समझाइश दी गयी। उपरोक्त परिस्थितियों में उनका पंचायत में बने रहना प्रशासन की छवि को धूमिल कर रहा है। जिसके कारण तत्काल प्रभाव से ग्राम पंचायत करहीभदर से भारमुक्त करते हुए जनपद कार्यालय में संलग्न किया गया है।

# अटल टिंकरिंग लैब में विद्यार्थी बना रहे मॉडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के शासकीय उच्चतर माध्य विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा केंद्र शासन की योजना के अंतर्गत अटल टिंकरिंग लैब में विभिन्न प्रकार के मॉडल और प्रोजेक्ट बनाए जा रहे हैं। प्रभारी शिक्षक भूपेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि छात्र छात्राएं लैपटॉप के माध्यम से प्रोग्राम बनाकर आर्डिनो में इंस्टाल करके विभिन्न प्रकार के सेंसर का उपयोग अपने प्रोजेक्ट में करते हैं। इस प्रकार बच्चों को कुछ समस्या दे दी जाती है, या सोचने के लिए कहते हैं, जिसे वे प्रोजेक्ट के माध्यम से हल करते हैं। स्वाइल सेंसर से मिट्टी की नमी का पता लगाया जा सकता है, एल्कोहल सेंसर से एल्कोहल का पता लगाया जा सकता है, अल्ट्रा सोनिक सेंसर से गति या दूरी का रेडार मे उपयोग किया जाता है। गैस सेंसर से लीकेज गैस का पता लगाया जाता है। इसके अलावा और भी बहुत से सेंसर हैं, जिसे बच्चे अपने प्रोजेक्ट में लगाकर नवप्रवर्तन कर सकते हैं।

प्रभारी प्राचार्य प्रदीप कुमार मेश्राम ने बच्चों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चे अभी से इलेक्ट्रॉनिक्स के बारे में सीख रहे हैं, जो उनके भविष्य के लिए लाभप्रद है। अटल टिंकरिंग लैब में और भी प्रोजेक्ट बच्चों द्वारा बनाए जायेंगे। विद्यार्थियों को लैब का लाभ मिलता रहेगा।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद
मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444


### पीएम आवास की पहली किस्त 15 सितंबर को जारी करेंगे प्रधानमंत्री

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'आवास प्लस 2024' एप्लिकेशन का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित एक बड़ी सभा के दौरान लगभग साढ़े पांच लाख पात्र नागरिकों के खातों में प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त ऑन लाइन जमा करेंगे। यह छत्तीसगढ़ के लिए एक ऐतिहासिक दिन होगा, जब प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की जाएंगी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा अब तक 8,46,931 आवास स्वीकृत हो चुके हैं। इससे 2011 की आवासहीनों की सूची, जिसे परमानेंट वेटिंग लिस्ट कहा जाता है, पूरी हो चुकी है।


सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## बालोद अंचल में जगह-जगह विराजे विघ्नहर्ता








अंडा : गणेशोत्सव

### खबर संक्षेप



## शिकसा ने 300 शिक्षकों का किया सम्मान

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम शिकसा शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन, कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान की उपस्थिति व टीकाराम सारथी हसमुख प्राचार्य चुरतेली की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर 300 शिक्षकों को शिकसा शिक्षक सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। संयोजक डॉ.शिवनारायण के साथ ही प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल, महासचिव डॉ.बोधीराम साहू, कोषाध्यक्ष महेत्तर लाल देवांगन, संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर, कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान, जनक सिन्हा ने कहा कि शिकसा के माध्यम से शिक्षकों को नई पहचान दिलाकर सम्मानित करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन हरमन कुमार बघेल व्याख्याता आरंग रायपुर व आभार प्रदर्शन डॉ. शिवनारायण देवांगन ने किया।

## प्रधानपाठक आत्महत्या मामले में एससीएसटी एक्ट के तहत हो कार्रवाई : कुरेटी

**डोंडी।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के बालोद जिलाध्यक्ष शुभ सिंह कुरेटी



ने नौकरी लगाने के नाम से करोड़ों की धोखाधड़ी करने वालों पर एसटीएससी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि गिरोह के चंगुल में फंसकर घोटिया निवासी आदिवासी गोंड़ देवेन्द्र ठाकुर ने आत्महत्या कर ली। उन्हें आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी मदार खान उर्फ सलीम खान एवं पूर्व वन मंत्री मोहम्मद अकबर सहित अन्य सभी लोगों पर एसटीएससी एक्ट के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्रवाई नहीं किए जाने पर आदिवासी समाज काफी आक्रोशित हैं।

## भूपेंद्र ने किया रक्तदान



**बालोद/कलंगपुर।** नवजीवन रक्तदान सेवा संगठन के संचालक बेलौदी निवासी भूपेंद्र साहू ने अपने जन्मदिन के अवसर पर कुरूद के अस्पताल में एनीमिया मरीज को रक्तदान किया। यह उनके द्वारा 19वीं रक्तदान है। वे लगातार चार वर्ष से समाज के हित में जरूरत मंद लोगों को रक्त उपलब्ध कराने तथा लोगों को रक्त दान करने के लिए प्रेरित करते हैं।

## नवोदय में प्रवेश के लिए खिलेश का चयन

**बालोद/सिकोसा।** शिशु संस्कार शिक्षण समिति पैरी द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर पैरी के



कक्षा पंचम के भैया खिलेश चक्रधारी पिता लोमन चक्रधारी का चयन कक्षा 6 वीं के लिए नवोदय विद्यालय में हुआ है। खिलेश में चयन पर प्रधानाचार्य गुनीता देशमुख, अध्यक्ष गैंदसिंह साहू, सचिव रामकृष्ण साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

### छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. नायक ने की 23 प्रकरणों की सुनवाई

# संयुक्त परिवार की संपत्ति पर हक चाहती है महिला, आयोग ने दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद




छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस अवसर पर संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, आयोग के सदस्य मौजूद थे। इस दौरान कुल 23 प्रकरणों पर सुनवाई की गई।

सुनवाई के दौरान 13 प्रकरणों में दोनों पक्षों से आवेदक व अनावेदक आए हुए थे। दो प्रकरणों में एक भी पक्ष नही आए थे। 10 प्रकरणों में सिर्फ एक पक्ष ही आए थे। जिसमें से कुछ प्रकरणों का सुनवाई पश्चात निराकरण किया गया। सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका के पति के संपत्ति का हक मिलने के बाद शेष संपत्ति जो कि संयुक्त परिवार की है उसका हक चाहती थी। आवेदिका को समझाईश दी गई कि परिवार में आना-जाना करे एवं अनावेदक को समझाईश दी गई कि आवेदिका और बच्चों के साथ सुलह के साथ रहें। संयुक्त परिवार का एक मकान व बाड़ी है जो वर्तमान में तीन हिस्सेदार है, लेकिन आवेदिका के दादा ससुर के जीवित रहते उसमे बंटवारा की मांग नहीं किया जा सकता है। इस समझाईश के साथ प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में अनावेदक ने बताया कि आवेदिका वर्तमान में अपने बेटे के साथ दुबई चली गई। उसका एक वर्ष का बेटा है। जिसे मिलने आज तक आवेदिका और उसका बेटा नहीं आये है वह सभी के खिलाफ आयोग में शिकायत करना चाहती है। शिकायत मिलने पर इस फाईल में रखी जाएगी। अन्य प्रकरण में दोनों पक्ष आपस में रहना चाहते हैं। अनावेदक ने अपनी पत्नी से कान पकड़कर माफी मांगी है। इस प्रकरण की आज की आर्डरशीट की प्रति एवं आवेदन की प्रति सखी सेंटर की पीओ को दिया गया है वह 06 माह तक दोनों पक्षों को सखी सेंटर बुलाकर निगरानी करेंगी।

### पति काम करने में असमर्थ, पत्नी चाहती है भरण-पोषण

सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका के पति का पैर टूटा था जिसको लेकर कंवर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराये थे। बाद में उभय पक्ष के बीच समझौता बन गया था, जिसके आधार पर कोर्ट से प्रकरण का समझौता हो गया है। अब आवेदिका चाहती हैं कि भरण पोषण दे। वर्तमान में आवेदिका का पति काम करने में असमर्थ है। इलाज का खर्च अनावेदकगण दिये थे। जिसके कारण समझौता किया गया था। अनावेदक का कहना है कि वास्तव में जो आरोपी थे उनका नाम इस प्रकरण में नहीं है। ऐसी दशा में समझौता कराने वाले अनावेदक पर प्रकरण कराना औचित्य नहीं है। जिससे प्रकरण नस्ती बद्ध किया गया।

## कट बांध में नाली बनाकर सिंचाई के लिए दें ओवरफ्लो का पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के डौण्डी लोहारा ब्लाक अंतर्गत स्थित ग्राम कामता के किसानों ने कट बांध में नाली निर्माण कर बांध के ओवरफ्लो पानी को सिंचाई के लिए उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

■ ग्राम कामता के किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कामता के नजदीक एक कट बांध का निर्माण किया गया है, जहाँ का पानी लगभग छः महीने तक ओवरफ्लो के माध्यम से बहता रहता है, जो फिजूल बहकर बर्बाद हो जाता है। किसानों का कहना है कि उस ओवरफ्लो पानी को नाली निर्माण कर किसानों को दिया जाए। इससे किसानों को फसलों में सिंचाई करने में सुविधा मिल सकेगी तथा फसलों को सूखे की मार से बचाने में सहायता मिलेगी। हरेश्वर सिंह, नेतराम तारम सहित अनेक ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कामता से लगा बांध लगभग 40 वर्षों से निर्माणाधीन हालात में अधूरा पड़ा हुआ है। इसलिए बांध निर्माण के कार्य को पूर्ण किया जाए तथा इसके साथ ही कट बांध से बहने वाले पानी के लिए पक्की नाली का निर्माण कर खेतों में सिंचाई के लिए उपलब्ध कराया जाए। इससे सैकड़ों एकड़ खेत में सिंचाई की जा सकती है, जो किसानों के लिए वरदान साबित होगा साथ ही पानी की समस्या से निजात मिलेगी।

## ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर




सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बन रहे ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बीपीएचयू) का भवन गुणवत्ताहीन निर्माण के लिए विवादों में घिरने लगा है। निर्धारित मापदण्डों के विपरीत कार्य करने से भवन की मजबूती संदेहों के दायरे में है।

विकासखण्ड के मरीजों के लिए सर्वसुविधा युक्त लैब के लिए भवन का निर्माण 46 लाख रूपये की लागत से हो रहा है। भवन का निर्माण छ.ग मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है। ठेकेदार ने कार्य को पेटी ठेके पर दे दिया है। बताया जा रहा है कि भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण करने ठेकेदार नहीं आता, वहीं निर्माणकर्ता विभाग के अधिकारी भी भवन कार्य की निगरानी करने नहीं आते। कार्य स्थल पर कोई सूचना बोर्ड नहीं लगा है, जिससे भवन निर्माण के संबंध में पारदर्शिता का नितांत अभाव है। भवन में नीव भराई का कार्य मुरूम से किया गया है, जबकि भराई का कार्य रेत से किया जाना चाहिए था। वहीं भवन निर्माण कार्य में प्रयुक्त गिट्टी बारीक एवं कचरा व पाउडर से भरा हुआ है, जिसे उसी रूप में उपयोग किया जा रहा है। गिट्टी की धुलाई नहीं की जा रही है। भवन में लगाए जा रहे राड की मोटाई एवं कालम व बीम बांधने की रिंग अधिक दूरी पर बांधी जा रही है। इससे बीम व कालम की मजबूती पर संदेह है। वहीं, बताया जाता है कि पानी गिर रहा है कहकर तराई नहीं की जाती, जबकि पानी एक दिन गिरता है व कई दिन तेज धूप रहती है। पेटी ठेकेदार तिलक साहू ने कहा कि ठेकेदार जो सामग्री उपलब्ध कराता है, उसी का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गिट्टी बदलने के लिए बोला हूं, निर्माण कार्य ठेकेदार के निर्देश पर हो रहा है।

## बेलौदी कॉलेज के जनभागीदारी अध्यक्ष राहुल ने ली शपथ



**बालोद/सिकोसा/लाटाबोड़।** शासकीय नवीन महाविद्यालय बेलौदी में नवनियुक्त जनभागीदारी अध्यक्ष राहुल साहू एवं सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष बालोद पवन साहू थे तथा अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सीएल. ठाकुर ने की। नवनियुक्त जनभागीदारी अध्यक्ष राहुल साहू को मुख्य अतिथि ने कर्तव्य और निष्ठा की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि पवन साहू और राहुल साहू ने महाविद्यालय के विकास में अपना पूरा सहयोग करने की बात कही। कार्यक्रम में पूर्व विधायक गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र वीरेंद्र साहू, भाजपा जिला महामंत्री राकेश यादव, भाजपा मण्डल अध्यक्ष गुण्डरदेही दुष्यंत सोनवानी, भाजपा नेता राजू अग्रवाल, महाविद्यालय जनभागीदारी के सदस्य, समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक राहुल उपाध्याय तथा आभार प्रदर्शन वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. दीनदयाल दिल्लीवार ने किया।

तहसील कार्यालय एवं डौंडी थाना पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

## पीआरपी मोनिका पर कार्रवाई का बिहान की महिलाओं ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंडी

ब्लाक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत कार्य करने वाली भर्रीटोला 36 संकुल की पीआरपी पर लगाए गए आरोप पर संलग्नीकरण के आदेश को निरस्त करने एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर बिहान समूह से जुड़ी कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम भर्रीटोला की महिलाओं ने तहसील कार्यालय एवं डौंडी थाना पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

ग्राम भर्रीटोला 36 से आई महिलाओं ने बताया कि पीआरपी संकुल प्रभारी मोनिका पटेल पर जो आरोप लगाए गए हैं, वो निराधार हैं। महिलाओं ने आरोप लगाया कि रेवा रावटे नामक व्यक्ति द्वारा ग्राम भार्रीटोला का माहौल खराब किया जा रहा है, जबकि वह गांव में रहता भी नहीं है। महिलाओं ने कहा कि पूर्व में भी उसने गांव के भोले-भाले आदिवासियों को भड़काकर एक व्यक्ति के निर्माणाधीन मकान को तोड़वा दिया था। बिहान समूह की कार्यकर्ताओं ने बताया कि वे पिछले 7 साल से मोनिका के साथ काम कर रहे हैं, किंतु आज तक हमने उनमें कभी भी कोई जातिगत भेदभाव की बात नहीं देखी। जिस कार्यक्रम से उपजे विवाद का हवाला दिया जा रहा है, वहां पर हम सभी मौजूद थीं, किसी भी बच्चे को जाति के कारण भाग लेने से मना नहीं किया गया था।

बता दें कि महिला दिवस के उपलक्ष्य में 2 मार्च 2023 को आयोजित कार्यक्रम के दौरान मोनिका पटेल द्वारा जाति पूछकर बच्चों को कार्यक्रम में सम्मिलित किये जाने का आरोप लगाते हुए पूर्व में ग्रामसभा प्रस्ताव सहित शिकायत की गई थी। 16 माह बाद पुनः इसी बात को लेकर बुधवार 11 सितंबर को जनपद कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पीआरपी मोनिका पटेल को जनपद कार्यालय अटैचमेंट के आदेश को जारी करने के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया।

### महिलाओं ने दिया ज्ञापन

मोनिका पटेल के संलग्नीकरण के आदेश को लेकर पहुंची बिहान समूह कार्यकर्ताओं और गांव की महिलाओं से संयुक्त बयान और ज्ञापन लिया गया है। जांच के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
- **आरके सोनकर,** एसडीएम डौंडी

### की जाएगी जांच

मोनिका पटेल सहित आई भर्रीटोला की महिलाओं ने शिकायत पत्र दिया है। जल्द ही पूरे मामले की जांच की जाएगी।
- **मुकेश सिंह,** थाना प्रभारी डौंडी

### पालकों से मिली थी शिकायत

मैं ग्राम सभा का सदस्य हूं। ग्रामसभा में गांव के दो पालकों द्वारा बताया गया था कि उनके बच्चों को मोनिका पटेल ने जाति पूछकर कार्यक्रम में भाग लेने से मना कर दिया था। उसके बाद ग्रामसभा द्वारा निर्णय लेकर शिकायत की गई थी। वहीं, मामले में कार्रवाई नहीं होने के कारण जनपद का घेराव किया गया था।
- **रेवा रावटे ग्रामसभा सदस्य, भर्रीटोला 36**

## नाली का ढक्कन टूटा, आए दिन हो रही दुर्घटनाएं




**डौंडीलोहारा।** नगर के विवेकानंद चौक स्थित मंगचुवा की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर नाली का ढक्कन टूटा हुआ है और गड्ढा हो गया है। इससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। इस ओर न तो नगर पंचायत के अधिकारी ध्यान दे रहे हैं और न ही कर्मचारी। वहीं, रोड का काम पूर्ण हुए लगभग एक वर्ष हो गया है। गुरूवार को एक चार पहिया वाहन सुबह उक्त गड्ढे में फंस गया। वाहन को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका। उक्त मार्ग पर वाहनों एवं लोगों का आवागमन हमेशा बना रहता है। स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे भी इसी मार्ग से आते जाते हैं। इसी मार्ग से 10 चक्का, 12 चक्का, हाइवा जैसे बड़े वाहन भी आते जाते हैं। चौक होने के कारण यहां चाय दुकान, फल दुकान, कई तरह की दुकान रोड पर ही लगती है। इससे रोड और संकरा हो गया है जबकि नए बस स्टैंड वाले मार्ग से भारी वाहनों का आवागमन होना चाहिए। इस मार्ग के संकरा होने के कारण हमेशा दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। उसके बाद भी जिम्मेदार इसकी मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। आसपास के लोगों ने इसकी जल्द मरम्मत की मांग की है।

स्वामी जी
93406-38884




By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
03 अक्टूबर 2024
15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-21,500/-, 3AC-29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से



21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग,
श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 30,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411